समाचार

# गोठानों की सभी व्यवस्थाएं तत्काल दुरूस्त करें, खाद एवं गोबर का सुरक्षित भण्डारण हों–आयुक्त

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम क्षेत्र के गोठानों का किया निरीक्षण, साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश)



कोरबा 14 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम क्षेत्र में स्थित गोठान के प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि गोठानों की सभी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरूस्त करें, वहां पर बनाए जा रहे खाद एवं रखे हुए गोबर का सुरक्षित भण्डारण करें, साथ ही शेष बचे गोबर का खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाएं। उन्होने कहा कि नगर की साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए नाले एवं नालियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई अंतिम रूप से सुनिश्चित कर लें।

आज आयुक्त श्री शर्मा ने अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं निगम के अधिकारियों के साथ गोकुलनगर गोठान, पम्प हाउस पन्द्रह ब्लाक स्थित गोठान का निरीक्षण किया। उन्होने गोठानों की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि गोठानों में शेष बचे हुए गोबर को खाद बनाने की प्रक्रिया में डालें, साथ ही गोबर व बने हुए खाद का सुरक्षित रूप से भण्डारण करें ताकि बरसात के पानी से गोबर और खाद को किसी प्रकार का नुकसान न हों। आयुक्त श्री शर्मा ने महिला स्वसहायता समूहों द्वारा गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाए जाने तथा इस दिशा में उनके उत्साह को देखते हुए उनकी सराहना की एवं संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित किए गए वर्मी कम्पोस्ट की शत प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करें, इस हेतु आवश्यक संस्थाओं, प्रतिष्ठानों, विभागों आदि से संपर्क कर उन्हें खाद का विक्रय करवाएं। आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य में लगी हुई स्वसहायता समूह की महिलाओं को अन्य ऐसे कार्यो से जोड़े जिन कार्यो से उन्हे और अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके एवं उनका आर्थिक और ऊपर उठ सके।

**नालों का निरीक्षण**– आयुक्त श्री शर्मा ने पावर हाउस रोड बुधिया आटो के समीप स्थित बड़े नाले एवं सेंट्रल बैंक के सामने स्थित नाले का अवलोकन किया, उन्होने पानी के बहाव आदि का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लगातार नालों की सफाई पर नजर रखें, समय–समय पर

आवश्यकतानुसार अपशिष्ट को बाहर निकलवाते रहे ताकि नालों में पानी के प्रवाह में कोई अवरोध उपस्थित न हों। आयुक्त श्री शर्मा ने सुनालिया से डी.डी.एम. रोड में बन रहे नए नाले के निर्माण का भी निरीक्षण तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**साफ–सफाई पर कड़ी नजर**– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा न साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो पर सतर्क नजर रखें, जिम्मेदार अधिकारी स्वयं नियमित रूप से सफाई कार्यो की मानीटरिंग करें तथा यह देखें कि निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सफाई एजेंसियॉ कार्य कर रही है या नहीं। उन्होने कहा कि डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण पर भी विशेष नजर रखें तथा यह देखें कि प्रत्येक घर में नियमित रूप से डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु अमला पहुंचे।

**वृक्षारोपण की तैयारियों को अंतिम रूप दें**– आयुक्त श्री शर्मा ने आसन्न मानसून को देखते हुए वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किए जाने की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश अधिकारियों दिए तथा कहा कि निगम क्षेत्र में सभी निर्माणाधीन  भवनों के परिसरों, सड़कों के किनारे रिक्त स्थलों सहित अन्य उपयुक्त स्थानों में वृक्षारोपण हेतु त्वरित रूप से आवश्यक तैयारियां पूरी करें, निगम को इस वर्ष 25 हजार पौधों का रोपण किए जाने का लक्ष्य दिया गया है, हमें सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होने पौधों के रोपण के पश्चात उनकी सुरक्षा व संवर्धन संबंधी कार्यो को भी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, एम.एन.सरकार, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)